# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 17-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन्स में शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी ।

◆पुलिस लाइन परिसर व शाखाओं का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये ।

आज दिनांक 17-10-2025 को डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थगर द्वारा पुलिस लाइन के परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के पश्चात पुलिस कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई एवं शस्त्र प्रशिक्षण कराया गया तथा पुलिस लाइन परिसर की बेहतर साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । तत्पश्चात महोदय द्वारा विभिन्न शाखाओं मेस, स्टोर, कैंटीन, परिवहन शाखा, हेलीपैड, तालाब और सभागार आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये । परेड के दौरान विश्वजीत सौरयान (IPS) क्षेत्राधिकारी सदर/लाइन, भूतनाथ गुप्ता प्रतिसार निरीक्षक सहित लाइन्स के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

**प्रेस नोट- दिनांक 17.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆"मिशन शक्ति अभियान 5.0" के तहत थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर द्वारा गंगा नेशनल पब्लिक स्कूल जोगिया कीं 12वीं की छात्रा श्रद्धा प्रियदर्शी को एक दिवस के लिए थानाध्यक्ष थाना जोगिया उदयपुर बनाया गया।**

डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 17.10.2025 को मीरा चौहान थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर द्वारा " गंगा नेशनल पब्लिक स्कूल जोगिया कीं 12वी की छात्रा श्रद्धा प्रियदर्शी को एक दिवस के लिए थानाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया और थाना का कार्यभार सौंपा गया तथा बालिकाओं को संबोधित कर अनेक जानकारी दी गई। श्रद्धा प्रियदर्शी सन् 2024 में कक्षा 10 में पूरे जनपद मे प्रथम स्थान प्राप्त की थी। जिसके क्रम में आज श्रद्धा प्रियदर्शी को एक दिवस का थानाध्यक्ष बनाया गया। जिन्होंने पदभार ग्रहण करते ही पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना तथा उसका समाधान भी किया उन्होंने महिलाओं के लिए मिशन शक्ति केंद्र की स्थापना के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद दिया। जिन्होंने महिलाओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए महिला शक्ति केंद्र की स्थापना प्रदेश के प्रत्येक थानों पर कराया। स्कूल से आई अन्य छात्राओं को थाने पर की जाने वाली कार्यवाही थाने पर प्रचलित रजिस्टर, सीसीटीएनएस, FIR पंजीकरण, साइबर हेल्प डेस्क, महिला बंदी गृह, पुरुष बंदी गृह, साइबर हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रेस नोट दिनांक 17.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना ढेबरुआ पुलिस द्वारा 02 नफर वारंटीयो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ के कुशल निर्देशन मे, नरायन लाल श्रीवास्तव थानाध्यक्ष ढेबरुआ मय टीम द्वारा आज दिनांक 17.10.2025 को वाद संख्या- 751/14 धारा 323,504,506 भादवि व वाद संख्या- 111/18 धारा 323,504,506,भादवि से संबंधित 02 वारण्टीयों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया है।

गिरफ्तार वारंटीगण का विवरणः-
01.हरिराम पुत्र कुमार चौधरी निवासी झिगहा थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर। (वाद संख्या- 751/14 धारा 323,504,506 भादवि)
02.चिनकु पुत्र बन्डोले निवासी ढेकहरी बुजुर्ग थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर। (वाद संख्या- 111/18 धारा 323,504,506,भादवि)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-
1.थानाध्यक्ष नरायन लाल श्रीवास्तव थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।
2.उ0नि0 जय प्रकाश प्रसाद थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।
3.हे0का0 रमाशंकर सिंह थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर
4.हे0का0 विवेकानन्द यादव थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर
5.का0 रमेश यादव थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 17.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध सुरक्षा व शक्ति दीदी अभियान के तहत थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित प्राइमरी स्कूल डिडई बाजार में छात्र-छात्राओं को गुड व बैड टच के बारे मे जानकारी दी गयी।**

**डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 17.10.2025 को मनोज कुमार श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक शिवनगर डिड़ई के नेतृत्व मे महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित प्राइमरी स्कूल डिड़ई बाजार में छात्र-छात्राओं को एकत्रित कर उनके हित के अनेक बाते जैसे गुड टच बैड टच के बिषय मे जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति टीम द्वारा काल्पनिक कहानियों के माध्यम से इन विषय मे बच्चों को जागरूक किया गया महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन *1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापिका व विद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहें।**

प्रेस नोट- दिनांक 17.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध सुरक्षा व शक्ति दीदी अभियान के तहत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं, बालिकाओं को किया गया जागरूक।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण मे रोहिनी यादव क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन, मीरा चौहान थानाध्यक्ष के नेतृत्व मे महिला मिशन केंद्र थाना जोगिया उदयपुर की टीम द्वारा आज दिनांक 17/10/2025 को मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम व साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम के तहत सुरक्षा के सम्बन्ध मे जागरूकता अभियान के तहत महिलाओ व बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों के प्रति तथा महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। इसके साथ-साथ छात्राओं को निर्भीक होकर शिक्षित एवम् सक्षम बनकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया. यातायात नियमों के पालन के लिये निर्देशित किया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 17.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/ शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 17.10.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई मे कुल 11 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमे 01 भूमि विवाद व 02 मार-पीट तथा शेष 08 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 17.10.2025**

परिवार परामर्श केंद्र/नई-किरण (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) के तहत मिशन शक्ति केंद्र महिला थाना द्वारा 04 परिवारों के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके परिवारो को बिखरने से बचाया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा0 अभिषेक महाजन के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 17.10.2025 महिला थाना सिद्धार्थनगर पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र मे प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा 04 परिवारो को एक साथ विदा किया गया। निम्न 04 परिवारो को बिखरने से बचाने मे प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय, काउंसलिंग टीम में महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह, महिला आरक्षी संगीता गौतम महिला आरक्षी शिवानी सिंह व नेहा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

1. सीमा पत्नी बजरंगी साकिन तिलौरा थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थ नगर।
2. सना पत्नी अरमान साकिन चूड़िहारी थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
3. मेनका पत्नी अमित पांडे साकिन किशनपुरवा थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।
4. हाजरा पत्नी मशरूर साकिन भुतहवा थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट- दिनांक 17.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थान कपिलवस्तु पुलिस टीम द्वारा ग्राम चैनपुर के मधुरा प्रसाद चौधरी आलमाईटी पब्लिक स्कूल में छात्राओं को "साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान" के तहत साइबर अपराध व उससे बचाव के बारे मे जागरूक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर निर्देशन मे विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण मे थाना कपिलवस्तु की साइबर टीम उ.नि. अमला यादव, उ.नि. रविन्द्र यादव, कम्प्यूटर आपरेटर विनय यादव, का. आलोक यादव, का0 राहुल यादव, का0 जितेंद्र यादव, म०का० सुषमा वर्मा, म.का. अनुपम सिंह द्वारा आज दिनांक 17.10.2025 को चैनपुर के मधुरा प्रसाद चौधरी आलमाईटी पब्लिक स्कूल में साइबर जागरुकता अभियान के तहत विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें साइबर अपराध से बचने के उपाय तथा हेल्पलाइन नंबर 1930 व साइबर क्राइम वेबसाइट www.cybercrime.gov.in व अन्य साइबर अपराध के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।**

प्रेस नोट दिनांक 17.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆विशेष अभियान के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 30 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 17.10.2025 को वारंटी गिरफ्तारी के विशेष अभियान के तहत जनपद के थानो द्वारा कुल 30 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। विवरण निम्नलिखित है-

गिरफ्तार वारंटीगण का विवरण-

01-नवरंग पुत्र कल्लू बंजारा साकिन टेउंआ ग्रांट थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर
02- संतराम पुत्र घिसियावन सा0 भूपतजोत थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर
03-सर्वजीत उर्फ कुन्दन पुत्र रामसरन साकिन बेलौहा बजार थाना खेसरहा जनपद
04-विजय उर्फ टिर्रे पुत्र मोती राम निवासी ग्राम सफियापुर थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर
05- हरिराम पुत्र कुमार चौधरी सा0 झिगहा थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।
06- चिनकु पुत्र बन्डोले सा0 ढेकहरी बुजुर्ग थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर।
07- रामू पुत्र चिन्नीलाल
08. तिलक राम पुत्र चिन्नीलाल निवासी सेखुई गोवर्धन थाना डुमरियागंज जनपद-सिद्धार्थनगर
09- मैनुद्दीन पुत्र मुस्तफा निवासी सेखुई गोवर्धन थाना डुमरियागंज जनपद-सिद्धार्थनगर
10- श्यामसुन्दर मौर्या पुत्र संतराम निवासी राप्तिनगर थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर
11- राजू पुत्र बलई साकिन विशुनपुर थाना कोतवाली लोटन जनपद सिद्धार्थनगर
12- अजय सोनकर पुत्र श्यामप्रकाश ग्राम गोपीजोत थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर
13-शिवकुमार पटवा पुत्र रामलखन पटवा ग्राम बर्डपुर नंबर -09 टोला बर्डपुर बाजार थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर
14- रामजियावन पुत्र पंचम निवासी बिथरिया थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर
15-जोखई पुत्र दुखी निवासी बिथरिया थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर
16- नेऊर उर्फ रहीम पुत्र माउ उर्फ निवासी बिथरिया थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर
17. अब्दुल अलीम पुत्र मोहम्मद हसन निवासी कंचनपुर थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर
18- रामनरायन पुत्र रामयश निवासी ग्राम कड़सरा थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर
19. अब्दुल्लाह पुत्र वकील निवासी शाहपुर बाजार थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर
20. जलालुद्दीन पुत्र सोहबत अली पुत्र सोहबत अली निवासी शाहपुर बाजार थाना इटवा जनपद सि0नगर
21. रामनिवास पुत्र जयजयराम निवासी खुनियांव थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर
22. गुड्डू उर्फ रामसुख पुत्र राम अनुज निवासी कपिया लोहटी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर
23. रामबरन पुत्र राम उजागिर निवासी कपिया लोहटी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर
24. सिराज पुत्र सिद्दीक निवासी पटखौली नानकार थाना इटवा जनपद सि0नगर
25-कन्हैया पुत्र अलगू निवासी महदेवा राय थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर
26-शिवगोविन्द पुत्र राधेश्याम साकिन उसका राजा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर
27-भरथरी पुत्र श्रीराम साकिन बरदहा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर
28. मोनू उर्फ विशाल पुत्र रामराज निवासी छपिया थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर
29. सोनू उर्फ रोहित पुत्र रामराज निवासी छपिया थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर
30.संतोष उर्फ बव्लू पुत्र पंचम निवासी छपिया थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर

प्रेस नोट दिनाँक  17.10.25  जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना शोहरतगढ पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा अबैध रुप पटाखा तस्करी करने वाले एक तस्कर को 108 किग्रा पटाखो के साथ किया गया गिरफ्तार।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व मयंक द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ नवीन कुमार सिंह के निर्देशन में 43 वी वाहिनी एसएसवी कोटिया के साथ पुलिस की संयुक्त चेकिंग कार्यवाही के अन्तर्गत अबैध रुप से तीन कार्टून में पटाखा (आक्टोपस-10 grant) कुल वजन 108 किग्रा 080 ग्राम चरिगवा वार्डर से नेपाल तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0-168/25 धारा- 5/9(वी) विस्फोटक अधिनियम 1884 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01- बंशी रैदास पुत्र बहारु रैदास ग्राम कर्मा वार्ड न0 06 थाना कृष्णानगर जिला कपिलवस्तु नेपाल।

बरामदगी का विवरण-
01.तीन कार्टून में अबैध पटाखा ( आक्टोपस-10 grant) कुल वजन 108 किग्रा 080 ग्राम
02.एक अदद मोटरसाइकिल संख्या UP 47 R 2226

गिरफ्तार करने वाले टीम का विवरण-
1.स0उ0नि0 शिबाशिस नंद  एसएसवी 43 वीं वटालियन जी कम्पनी कोटिया जनपद सिद्धार्थनगर
2.मुख्य आरक्षी कमल किशोर एसएसवी 43 वीं वटालियन जी कम्पनी कोटिया जनपद सिद्धार्थनगर,
3.आरक्षी सामान्य दिलीप कुमार एसएसवी 43 वीं वटालियन जी कम्पनी कोटिया जनपद सिद्धार्थनगर ,
4.उ0नि0श्री  विरेन्द्र कुमार पासवान थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर  ,
5.आरक्षी अजीत यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर  ,
6.आरक्षी रामसेवक यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर  ,
7.आरक्षी विनय यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर

**प्रेस नोट दिनांक 17.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा फरार चल रहे अभियुक्त/वारन्टी के गांव में मुनादी कराते हुये वारन्टी के घर 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा की गयी।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में दुर्गा प्रसाद प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा दिनांक 16.10.2025 को केस नम्बर- 248/2021 धारा- 279/337/338/304ए भादवि थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित अभियुक्त/ वारन्टी सलमान पुत्र मो0 ताहिर निवासी वर्डपुर नम्बर 13 टोला महदेईया थाना व जनपद सिद्धार्थनगर के विरुद्ध मा0 न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/जेएम बासी सिद्धार्थनगर से निर्गत 82 सीआरपीसी की आदेशिका की तामिला अभियुक्त/वारन्टी के गांव में डुग्गी मुनादी कराते हुये/गांव/मोहल्ले के दृष्यमान स्थलों पर नोटिस की चस्पा करते हुये नियमानुसार तामीला की गयी।**

**पुलिस टीम का विवरण-**

**1.उ0नि0 अशोक कुमार थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।**
**2. HC अमरेन्दु तिवारी थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।**
**3.का0 निशान्त कुमार थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।**

*प्रेस नोट दिनांक 17-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर*

***◆थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत थाना क्षेत्र के पुरानी नौंगढ़ व राम प्रसाद नगर प्राथमिक विद्यालय में बहू बेटी सम्मेलन चलाकर महिलाओ को सुरक्षा के बारे मे व हेल्पलाइन नम्बरो के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के स्टीकर भी चस्पा किया गया ।***

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 17/10/2025 को प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद थाना व जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना क्षेत्र के पुरानी नौंगढ़ व राम प्रसाद नगर प्राथमिक विधालय में जाकर बच्चियों व महिलाओं को बहू बेटी सम्मेलन लगाकर जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर एवं नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

***मिशन शक्ति टीम-***

01-उ०नि०कृष्ण भगवान थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

02-का० शुभम रावत थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

03-म०हे०का० संगीता सिंह थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

04-म०का०अन्नप्रिया वर्मा थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

05-म०का०अनीशा सरोज थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 17.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत जनपद के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 17.10.2025 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एण्टी रोमियो कार्यवाही के तहत थाना क्षेत्र उसका बाजार मे पूर्व माध्यमिक विद्यालय धुसवा, उसका बाजार, चौक व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।**

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**
**01-म0उ0नि0 शाइस्ता प्रभारी एण्टी रोमियो टीम जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.म0 मुख्य आरक्षी सुनीता एण्टी रोमियो स्क्वायड जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03.म0 आरक्षी मंजू एंटी रोमियो स्क्वायड जनपद सिद्धार्थनगर।**
**04 मु0 आरक्षी कंचन सिंह एंटी रोमियो स्क्वायड जनपद सिद्धार्थनगर।**
**05.आरक्षी श्री प्रकाश एंटी रोमियो स्क्वायड जनपद सिद्धार्थनगर।**

प्रेस नोट दिनांक 17/10/2025 जनपद सिद्धार्थनगर

◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के लिए समर्पित थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा ग्राम वासा में चौपाल लगाकर चलाया गया बहु सम्मेलन जागरुकता अभियान व गुड व बैड टच के बारे मे बच्चो को दी गयी जानकारी ।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 17/10/2025 को चन्द्रकान्त पाण्डेय थानाध्यक्ष भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व मे थाना क्षेत्र के ग्राम वासा गांव की बहुओं का जो थाने तक नहीं आ सकती हैं उनको चौपाल लगाकर बहु सम्मेलन कर जागरूक किया गया, महिलाओं के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी । मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर एवं नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम का विवरण-

01-उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

02-उ0नि0 राममिलन सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

03-का0अनित वर्मा थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

04-म0का0किरन यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 17.10.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थानाध्यक्ष मोहाना द्वारा थाना मोहाना के चौकी शुद्धोधन पर थानाक्षेत्र के ग्राम प्रधान व संभ्रांत व्यक्तियों तथा धर्म गुरुओं व लक्ष्मी प्रतिमा के आयोजकों तथा डीजे धारकों के साथ की गयी पीस कमेटी की गोष्ठी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में तथा विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में रोहित कुमार उपाध्याय, थानाध्यक्ष मोहाना के द्वारा आज दिनांक 17.10.2025 को मय फोर्स की उपस्थिति मे पुलिस चौकी शुद्धोधन पर ग्राम प्रधान व संभ्रांत व्यक्तियों तथा धर्म गुरुओं व लक्ष्मी प्रतिमा के आयोजकों तथा डीजे धारकों के साथ की गयी पीस कमेटी की गोष्ठी।। उच्चाधिकारीगण से प्राप्त आगामी त्यौहार से सम्बंधित आदेशो/निर्देशो का पालन करने हेतु अपील किया गया। किसी भी व्यक्ति के द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गयी

**प्रेस नोट- दिनांक 17-10-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा व जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में चेकिंग व पैदल गश्त किया गया।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 17.10.2025 को जनपद के क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा व जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग व पैदल गश्त किया गया। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।